वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 170 शनिवार 15 अक्टूबर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## दुकानों के बाद अब तिब्बतियों को मकान भी मिलेंगे



### हाउसिंग बोर्ड के प्रताप नगर जयपुर में खाली फ्लैट्स आवंटन करने पर विचार

**जयपुर. कासं**

विंटर सीजन की शुरूआत होने के साथ ही गर्म कपड़ों के लिए तिब्बती शरणार्थियों ने गर्म कपड़ों का बाजार शुरू कर दिया। मानसरोवर के झूलेलाल मार्केट में इस बाजार का शुभारंभ आज हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने किया। इस मौके पर अरोड़ा ने कहा कि जिस तरह बोर्ड ने इन शरणार्थियों को व्यापार के लिए दुकानें उपलब्ध करवाई है। उसी तरह इनके स्थायी रहने के लिए आवास भी उपलब्ध करवाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा- प्रताप नगर में बोर्ड के कई फ्लैट्स खाली पड़े हैं, इनको बोर्ड प्रशासन इन शरणार्थियों को 13 साल की किश्तों पर आवंटित कर सकता है। यही नहीं तिब्बती शरणार्थी व्यवसायी यदि प्रस्ताव देते हैं तो मण्डल उनके लिए प्रताप नगर में अलग से व्यावसायिक योजना लाने पर भी विचार कर सकता है, ताकि जयपुर में इन शरणार्थियों को व्यापार के लिए एक दूसरी जगह भी मिल सके। अरोड़ा ने बताया कि थड़ी मार्केट से अस्थायी दुकानें हटाने के बाद उन व्यवसायियों को शिफ्ट करने के लिए झूलेलाल मार्केट बनाया था, लेकिन पिछले 13 साल से इस बाजार में कोई भी दुकानें खरीदने नहीं आया। इस कारण ये बाजार वीरान पड़ा रहा। कोविड के समय तिब्बती शरणार्थियों ने यहां व्यवसाय करने की इच्छा जताई।

## पांचवीं साउथ एशियन जियो साइंस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत

**जयपुर. कासं**

जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में शुक्रवार को पांचवीं साउथ एशियन जियो साइंस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत हुई। इस दौरान केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी समेत दुनियाभर के विशेषज्ञ मौजूद रहे। 3 दिन तक चलने वाली कॉन्फ्रेंस के शुरूआती सत्र में मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा- अंतरराष्ट्रीय बाजार में हुई उठापटक (मंदी) के बाद दुनियाभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 200% तक बढ़ोतरी हुई है। भारत में ऐसा नहीं हुआ है। हमारे यहां सिर्फ 70% तक ही दाम बढ़े हैं। जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में ठहराव के बाद कम होने लगेंगे। पुरी ने बताया कि दुनियाभर में 2030 तक पेट्रोल और डीजल की मांग का 25% उत्पादन भारत में संभव हो सकेगा। फिलहाल हमारे यहां 50 लाख बैरल पेट्रोलियम की खपत हो रही है। इसमें 3% की बढ़ोतरी हो रही है। जो वैश्विक औसत से 1% ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल में इथेनॉल-मिश्रण प्रतिशत 2013 में 0.67 प्रतिशत से बढ़कर मई 2022 में 10 प्रतिशत हो गया है। जो निर्धारित समय से 5 महीने पहले है। यह 2.7 मिलियन टन CO-2 उत्सर्जन को कम कर रहा है। जो पर्यावरण के लिए अच्छा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार भारत आने वाले दो दशकों में वैश्विक ऊर्जा खपत में वृद्धि का एक चौथाई (25%) योगदान देगा। इसके साथ ही अगले कुछ वक्त में भारत की ऊर्जा मांग दोगुनी हो जाएगी। जबकि प्राकृतिक गैस की मांग 2050 तक पांच गुना बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि अभी बहुत तेज गति से गैस पाइप लाइन घरों तक पहुंचाने के काम किया जा रहा है। जबकि यूपीए सरकार के वक्त केवल 14000 किलोमीटर की गैस पाइपलाइन थी। जिसे अब मोदी सरकार ने 22 हजार किलोमीटर कर दिया है।




### इथेनॉल की मिलावट का लक्ष्य

मंत्री पुरी ने कहा कि पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल की मिलावट का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में इसके लिए कितने इथेनॉल की जरूरत पड़ेगी। इसे लेकर मंथन किया जा रहा है। फिलहाल अगर इथेनॉल की मिलावट शुरू कर दी जाती है। तो हमें लगभग 1000 करोड़ लीटर इथेनॉल की जरुरत पड़ेगी। जबकि मौजूदा समय में हम 450 करोड़ लीटर इथेनॉल बना रहे हैं। इसका प्रोडक्शन किस तरह बढ़ाया जाए इस पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट करके लगभग 40 हजार करोड़ रुपए की बचत की है। जल्द ही पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिलाकर बेचा जाएगा।

हमारा टारगेट इसे 33 हजार 500 करने का है। उन्होंने राजस्थान में गैस पाइपलाइन की धीमी गति पर कहा कि हो सकता है आपके यहां लोकल गवर्नमेंट इश्यू हो। लेकिन हमारे यहां बहुत तेजी से काम हो रहा है।

## त्यौहारी सीजन में पुलिस ने फिल्ड में बढ़ाई मौजूदगी

### शहर में संवेदनशील इलाकों में किया जा रहा है पुलिस का फ्लैग मार्च

**जयपुर. कासं**

राजधानी जयपुर में त्योहारी मौके पर कानून व्यवस्था की पालना और अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस-प्रशासन सर्तक हो गया है। जयपुर पुलिस कमिशनरेट की ओर से शहर में अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। दीवाली के त्योहार को लेकर परकोटा इलाके में कानून व्यवस्था की पालना के लिए शुक्रवार को रेपिड एक्शन फोर्स द्वारा फ्लैग मार्च निकाला। जयपुर के अतिसंवेदनशील इलाकों पर फोकस कर हथियारों से लैस जवान कदम-कदम मिलाकर फ्लैग मार्च करते गलियों से



निकले। अचानक बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ते को देखकर लोग सहम गए और तरह- तरह के कयास लगाते दिखे। रेपिड एक्शन फोर्स की ओर से जयपुर के कर्बला चौराहे से हथियार बंद जवान और बख्तरबंद गाड़ियों में सवार जवानों ने फ्लैग मार्च शुरू किया। बड़ी संख्या में आरएएफ जवान कदम से कदम मिलाकर लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश देते दिखे। आरएएफ जवानों का यह फ्लैग मार्च दशहरा कोठी, गंगापोल पुलिया, गंगापोल गेट ,चार दरवाजा, जियाउद्दीन दरगाह, गांधी चौक, हीदा की मोरी होता हुआ रामगंज चौपड़ पहुंचा। रामगंज चौपड़ पहुँचने पर आरएएफ अधिकारियों ने लोगों को त्योहारी मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने की नसीहत दी। वहीं रेपिड एक्शन फोर्स की ओर से इस फ्लैग मार्च के जरिए तमाम संवेदनशील स्थानों का दौरा कर स्थितियों का जायजा लिया। जिससे किसी भी आपात स्थिति के समय आरएएफ तुरंत हरकत में आकर स्थिति पर नियंत्रण कर सकें।




आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने कहा...

# जीवन में धर्म और दर्शन को समझना अत्यंत आवश्यक

**पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री तथा वर्तमान में छबड़ा से विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने कहा पूज्य गुरुवर की वाणी अत्यंत ओजस्वी है। जैन धर्म के सिद्धांत के पांच अणुव्रतों के अनुसार अहिंसा पर बोलते हुए कहा हम किसी न किसी रूप में हिंसा करते रहते हैं हमें सद कार्य करना चाहिए। हिंसा के मार्ग में पशु बलि तथा पर्यावरण पर भी हिंसा का व्यापक प्रभाव पड़ा है। एक हरे वृक्ष को काटना भी जीव हत्या ही है।**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गुलाबी नगरी जयपुर में आचार्य गुरुवर सुनील सागर महा मुनिराज अपने संघ सहित भट्टारक जी की नसिया में चातुर्मास हेतु विराजमान है। प्रातः को भगवान जिनेंद्र का जलाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक हुआ, उपस्थित सभी महानुभावों ने पूजा कर अर्घ्य अर्पण किया। पश्चात गुरुदेव के श्री मुख से शान्ति मंत्रों का उच्चारण हुआ, सभी जीवो के लिए शान्ति हेतु मंगल कामना की गई। सन्मति सुनील सभागार मे बाहर से आए सभी श्रावकों ने तथा गोरधन लाल सेठ, कपिल नरवाली, कुमुद भाई पारसोला ने अर्घ्य अर्पण कर चित्र अनावरण करते हुए दीप प्रज्जवलन कर धर्म सभा का शुभारंभ किया। उक्त जानकारी देते हुए चातुर्मास व्यवस्था समिति के प्रचार मंत्री रमेश गंगवाल ने बताया कि मंगलाचरण व मंच संचालन इन्दिरा बडजात्या जयपुर ने किया । चातुर्मास व्यवस्था समिति के महा मन्त्री ओम प्रकाश काला ने बताया कि रींछा से पधारे अतिथि महानुभावों ने आचार्य श्री के समक्ष श्रीफल अर्पण किया ।चातुर्मास व्यवस्था समिति के मुख्य संयोजक रूपेंद्र छाबड़ा राजेश गंगवाल ने बताया धर्म सभा मे श्री गोवर्धन लाल सेठ कपिल नरवाली कुमुद भाई पारसोला ने आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन किया। पूज्य गुरु देव को जिनवाणी शास्त्र भेंट किया गया पूज्य मुनि श्री सुविवेक सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा मैंने प्रथम बार गुरुवर के दर्शन किए तो मुझे कुछ अलग से ही ऐसी अनुभूति मिली कि मैं ने महाराज के श्री चरणों में रहने का मन में दृढ़ निश्चय कर लिया। पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री तथा वर्तमान में छबड़ा से विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने कहा पूज्य गुरुवर की वाणी अत्यंत ओजस्वी है ।जैन धर्म के सिद्धांत के पांच अणुव्रतों के अनुसार अहिंसा पर बोलते हुए कहा हम किसी न किसी रूप में हिंसा करते रहते हैं हमें सद कार्य करना चाहिए। हिंसा के मार्ग में पशु बलि तथा पर्यावरण पर भी हिंसा का व्यापक प्रभाव पड़ा है। एक हरे वृक्ष को काटना भी जीव हत्या ही है ।सिंघवी ने सभी श्रावको को आह्वान किया कि पंथवाद और परंपरा को छोड़कर समस्त समाज को एक हो जाना चाहिए,आपस में रिश्ते बनाने चाहिए। संस्कृत विश्वविद्यालय के अध्यक्ष पुष्पेंद्र शास्त्री ने अपने वक्तव्य में कहा वैराग्य की मूर्ति श्री सुनील सागर जी महाराज यहां नसिया जी में विराजमान हैं हमेशा यह बात ध्यान में रहनी चाहिए ,कि संत किसी भी संप्रदाय समाज के नहीं होते है संत सर्वांगीण होते है। यह तो सर्व समाज के होते हैं ब्राह्मण संस्कृति और श्रमण संस्कृति में कोई विशेष भिन्नता नहीं है महाराज श्री एक अद्भुत कार्य कर रहे हैं। गुरुवर जी पूर्व प्राचीनतम भाषा को पुर्नजागृत कर रहे हैं मैं महाराज श्री के समक्ष आकर अभिभूत हूं। इस भारत भूमि पर ढाई हजार वर्ष से जैन मंदिर भी हैं और राम मंदिर भी हैं। पूज्य आचार्य श्री अत्यंत आदरणीय व्यक्तित्व हैं। पूज्य आचार्य भगवंत ने अपनी वाणी से पर कल्याण की भावना से उद्बोधन देते हुए कहा कि सिंघवी साहब ने बहुत कुछ कहकर मेरे आधे प्रवचन को प्रस्तुत कर दिया है। शास्त्री जी ने अपने वक्तव्य में संस्कृत मिश्रित हिंदी उद्बोधन दिया है जिसे सभी ने सद् योग्य समझा है ।श्रद्धा से सर झुकाने से अभिमान मिट जाएगा और जिनवाणी का स्वाध्याय करोगे तो जीवन संवर जाएगा। हमारी संस्कृति और सभ्यता बार-बार मिटी, और पुनःपुनः व्यवस्थित हुई है। धर्म और दर्शन को समझना अत्यंत आवश्यक है ।जब तक धर्म को नहीं मानोगे, दर्शन समझ में नहीं आएगा।



# DJSG गरबा रास 2022 के पोस्टर का विमोचन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप डायमंड, वीर ग्रुप, पिंक पर्ल ग्रुप द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर को जमुना गार्डन मोरानी मोटर्स के सामने टोंक रोड में आयोजित होने वाले गरबा रास 2022 के पोस्टर का विमोचन आज फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेंद्र पाण्डया द्वारा किया गया। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि इस अवसर पर डायमंड ग्रुप के अध्यक्ष प्रमोद सोनी, सचिव रमेश छाबड़ा भी उपस्थित थे। फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेंद्र पांड्या ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई दी व शुभकामनाएं प्रेषित की।

# निमोला मे शांतिनाथ मण्डल विधान मे उमड़े श्रद्धालु


## इन्द्र-इन्द्राणियों ने जमकर किया भक्ति नृत्य

**टोंक. शाबाश इंडिया**

आचार्य पदमनन्दी महाराज, आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज के आशीर्वाद से सकल दिगम्बर जैन समाज टोंक निवाई एवं निमोला के श्रद्धालुओं द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र निमोला मे गाजेबाजे के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान आयोजित किया गया जिसमें विधानाचार्य दीपक जैन के मंत्रोच्चार द्वारा सोधर्म इन्द्र मिश्री लाल बोहरा के परिवार जन सहित सभी इन्द्रो ने भगवान शांतिनाथ के अभिषेक एवं विश्व में शांति की कामना के लिए शांतिधारा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता थे। मेहता ने देश में शांति की कामना के लिए एवं देश में खुशहाली के लिए भगवान शांतिनाथ के समक्ष श्री फल चडाक र आशीर्वाद लिया। वहीं पर मंदिर कमेटी द्वारा पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता एवं सोशल मीडिया प्रभारी राजस्थान प्रवक्ता विमल जौंला का स्वागत सत्कार किया। इस दौरान जयकारों के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान का शुभारंभ किया गया। विधान मे भगवान शांतिनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलन मंदिर अध्यक्ष कपूर चंद जैन मंत्री, बाबूलाल राणोली कोषाध्यक्ष, अशोक जैन निमोला पूर्व अध्यक्ष, पदमचंद जैन अलियारी एवं अशोक कुमार छाबड़ा के नेतृत्व में भगवान शांतिनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंदिर अध्यक्ष कपूर चंद पाटनी एवं मंत्री बाबूलाल राणोली ने बताया कि विधान के सोधर्म इन्द्र समाजसेवी मिश्रीलाल बोहरा एवं कुणाल बोहरा के द्वारा



मण्डप पर पांच मंगल कलशों की स्थापना की गई। इस दौरान विधान मे नवदेवता पूजा पार्श्वनाथ पूजा के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान की विशेष पूजा अर्चना की गई। विधान मे भजन गायक विमल जौंला एंव ज्ञानचन्द सोगानी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। जिस पर अग्रवाल समाज चौरासी अध्यक्ष हुकमचंद जैन, महासमिति के अंचल उपाध्यक्ष नवीन जैन लुहाड़िया, अलीगढ़ वाले प्रकाश चंद पटवारी, रमेश छाबड़ा, बाबूलाल राणोली, विनय कासलीवाल, अशोक छाबड़ा सहित सेकडों श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किए। जौंला ने बताया कि विधान मे सोधर्म इन्द्र परिवार द्वारा चार वलय मे 130 श्री फल अर्ध्य चडाक र पुण्यार्जन किया। विधान के अन्त मे शांतिनाथ भगवान की आरती उतारी गई। इस अवसर पर रमेश चंद जैन,हुकमचंद जैन, अशोक जैन, ओमप्रकाश चंवरिया, नवीन जैन लुहाड़िया, सुशील जैन सांगानेर, सुरेश जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।



## वेद ज्ञान

### मुस्कराहट का महत्व

ईश्वर हर चित्र में मुस्कराते हुए नजर आते हैं। मासूम शिशु की मुस्कराहट बरबस ही हर किसी को अपनी ओर खींच लेती है। मुस्कराते हुए जीवन की कल्पना अत्यंत सुखद लगती है। हंसना-मुस्कराना और चहचहाना जीवन के नवरसों में शामिल हैं। हर भाव व्यक्ति के व्यक्तित्व को बयां करता है। मुस्कराता हुआ चेहरा, मुस्कराते हुए भाव हर किसी को कठिन से कठिन परिस्थिति में भी मुस्कराने को तो विवश कर ही देते हैं। जीवन में मुस्कराहट एक ऐसा भाव है जो मृत्यु तक व्यक्ति के पास रहता है। तनाव, परेशानी और चिंता जहां व्यक्ति को दर्द देते हैं वहीं मुस्कराहट व्यक्ति के तन-मन को प्रफुल्लित कर देती है। प्रसिद्ध विचारक स्टर्न ने कहा था कि 'मुझे विश्वास है कि प्रत्येक व्यक्ति जब हंसता है, मुस्कराता है तो वह हंसी के साथ-साथ अपने जीवन में भी वृद्धि करता है।' मुस्कराहट से व्यक्ति न सिर्फ अपने लक्ष्य को सहजता से पा सकता है, अपितु अपने जीवन को भी स्वस्थ, गरिमामय व लंबा बना सकता है। मुस्कराहट मन की मलिनता, दुख और अवसादों को हृदय से उसी प्रकार निकाल देती है जिस प्रकार तेज साफ पानी का बहाव रुके हुए गंदले पानी को तीव्रता से धकेल देता है। जब व्यक्ति मुस्कराता है तो उसके शरीर के स्नायु, नसें, मांसपेशियां सामान्य क्रिया करने लगती हैं। शरीर की विभिन्न ग्रंथियां सक्रिय होकर पर्याप्त स्राव करने लगती हैं। डॉक्टर भी वैज्ञानिक रूप से यह सिद्ध कर चुके हैं कि मुस्कराने व हंसने से फेफड़ों में रक्त-संचार की गति को बल मिलता है और श्वास-नलिका भी स्वस्थ और निरोग होकर सामान्य गति से क्रिया करने लगती है। मुस्कराने से व्यक्ति के अंदर ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ जाती है। रक्त का शोधन भी अच्छी तरह से हो पाता है। जीवन में मुस्कराहट एक खूबसूरत पुष्प की सुगंध की भांति है जो जहां-जहां भी जाएगी वहां-वहां उस आंगन को महकाएगी। वर्तमान में भागदौड़ भरे जीवन में ऐसा लगता है कि लोग मुस्कराना भूल गए हैं। हर पल तनाव, चिंता, रुपया कमाने की होड़ और अनेक प्रतिस्पर्धाओं ने जीवन में कृत्रिमता को बढ़ाकर प्राकृतिक सुंदरता को नष्ट कर दिया है। जीवन से यदि मुस्कराहट खत्म होने लगे तो जीवन में संध्या का आगमन समझो। इसलिए जरूरी है प्राकृतिक हाव-भावों को अपने व्यक्तित्व में बचाए रखना।

## संपादकीय

# कसता दिख रहा रूस पर अंतरराष्ट्रीय शिकंजा

यूक्रेन पर हमले के सात महीने बाद अब रूस पर अंतरराष्ट्रीय शिकंजा कुछ कसता दिख रहा है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर नए सिरे से हमला कर भारी तबाही मचाई। उसे लेकर दुनिया के तमाम देशों ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई। जब यूक्रेन के चार इलाकों पर रूस के कब्जे के खिलाफ निंदा संबंधी मसविदे पर संयुक्त राष्ट्र में रूस ने गुप्त मतदान कराने की मांग की तो उसके विरोध में सौ से अधिक देशों ने मतदान किया। ज्यादातर ने सार्वजनिक मतदान की वकालत की। रूस के पक्ष में केवल तेरह देशों ने मतदान किया, जबकि उनतालीस देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। भारत ने भी गुप्त मतदान के खिलाफ मत जाहिर कर दिया। इस तरह स्वाभाविक ही रूस तिलमिलाया हुआ है। उसने इस फैसले पर दुबारा विचार करने की अपील की मगर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने उसकी अपील ठुकरा दी। अब रूस कह रहा है कि इस तरह उसके खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मगर देखना है कि संयुक्त राष्ट्र में मुंह की खाने के बाद रूस अपने कदम पर कितना विचार करता है। यह मामला केवल रूस और यूक्रेन के आपसी संघर्ष का नहीं है। राष्ट्रों की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल रखने का भी है। यूक्रेन के चार इलाकों पर रूस के कब्जे पर आंखें बंद कर लेने का अर्थ यह होगा कि दुनिया के तमाम देश एक शक्तिशाली देश के पक्ष में खड़े नजर आएंगे। यूक्रेन की एक राष्ट्र के रूप में स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। कोई भी ताकतवर देश अपने से कमजोर देश पर हमला कर उस पर कब्जा करने का प्रयास करे, तो इसे किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। यूक्रेन खुद रूस से अलग होकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपना अस्तित्व बनाए हुए था। उसे पूरा हक है कि वह किस देश के साथ कैसा संबंध बनाए। वह अपनी सुरक्षा के मद्देनजर नाटो में शामिल होना चाहता था, मगर रूस को खतरा पैदा हो गया कि नाटो की सेनाएं उसकी सीमा के करीब पहुंच जाएंगी। इसलिए रूस यूक्रेन पर दबाव डालता रहा कि वह अपना फैसला वापस ले। मगर यूक्रेन नहीं माना और फिर रूस ने उस पर हमला कर दिया। यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को भरोसा दिलाया था कि अगर रूस उस पर हमला करता है, तो वे उसकी मदद को आगे आएंगे। मगर ऐसा भी नहीं हुआ। यह मसला बातचीत से हल हो सकता था, मगर रूस इसे ताकत के बल पर हल करने का प्रयास कर रहा है। भारत चूंकि सदा से लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पक्ष में और युद्ध के खिलाफ रहा है, इसलिए स्वाभाविक ही इस बार उसने रूस का पक्ष लेने से खुद को अलग कर लिया। भारतीय प्रधानमंत्री ने शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति से युद्ध का रास्ता छोड़ कर बातचीत के जरिए समस्या का समाधान करने की सलाह दी थी। तब ब्लादिमीर पुतिन ने उनकी सलाह पर सहमति भी जताई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति को भी उन्होंने बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़ने की सलाह दी थी। अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर दोहराया है कि किसी भी रूप में लोगों की जान लेने को उचित नहीं ठहराया जा सकता।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# जंग का दायरा

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की शुरूआत के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोशिशें शुरू हो गई थीं कि किसी तरह दोनों देशों के बीच हिंसा और टकराव को खत्म कराया जाए। बीच में कई बार ऐसे हालात पैदा भी हुए जब युद्ध रुकने की उम्मीद पैदा हुई। लेकिन पिछले तीन-चार दिनों में जो घटनाक्रम सामने आया है, उसमें अब रूस और यूक्रेन के बीच की जंग एक खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई लगती है। सोमवार को देर रात रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव के अलावा नौ अन्य शहरों पर तिरासी मिसाइलें दागीं, जिसमें कई लोगों को मरने और घायल होने की खबर आई है। रूस के रुख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि ताजा हमलों के बाद रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर यूक्रेन ने रूस के शहरों और एटमी ठिकानों को निशाना बनाया तो आगे अंजाम भयानक होगा। गौरतलब है कि शनिवार को क्रीमिया के एक पुल के एक हिस्से को उड़ा दिया गया था, जिसके लिए रूस ने यूक्रेन को जिम्मेदार बताया। माना जा रहा है कि रूस की ओर से किया गया ताजा हमला उसी का जवाब है, जिसमें यूक्रेन के अंदरूनी हिस्से में काफी जानमाल का नुकसान हुआ है। इससे एक बार फिर इस बात की आशंका खड़ी हो गई है कि कहीं यह युद्ध व्यापक दायरे में न फैल जाए और उसका खमियाजा यूक्रेन के साथ-साथ दूसरे देशों को भी न भुगतना पड़े। यों वैश्विक मंचों और अलग-अलग देशों की ओर से चल रही कूटनीतिक वार्ताओं के जरिए इस बात की कोशिश की जा रही थी कि किसी तरह रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म किया जाए। भारत ने भी अलग-अलग मौके पर दोनों देशों को यह सलाह दी कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है; आपसी बातचीत के जरिए ही समाधान की राह तलाशी जा सकती है। लेकिन ऐसा लगता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे प्रयासों का फिलहाल रूस या यूक्रेन के रुख पर कोई असर नहीं पड़ा है। एक ओर युद्ध से होने वाले नुकसान के लिए रूस के रवैए की आलोचना करने के बावजूद यूक्रेन भी युद्ध को खत्म करने को लेकर कोई अतिरिक्त उत्साह नहीं दिखा रहा है और मौका मिलते ही रूस को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, वहीं रूस भी कोई वजह या बहाना मिलते ही यूक्रेन पर अपने हमले तेज कर देता है। हाल ही में यूक्रेन पर अपने कब्जे वाले इलाकों को रूस ने मिला लेने की घोषणा की थी और वहां जनमत संग्रह भी करवा लिया। लेकिन यह मसला जब संयुक्त राष्ट्र में पहुंचा, तब कई देशों ने रूस का विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में कई मसलों पर रूस के विरोध में जाने से बचने के बावजूद भारत ने इस बार रूस की गुप्त मतदान की मांग के खिलाफ वोट दिया। दूसरी ओर, भारत ने यूक्रेन में बढ़ते संघर्ष को लेकर चिंता भी जताई है। जाहिर है, इस बार भारत का स्पष्ट रुख रूस के लिए शायद चौंकाने वाला हो। यों यह समझना मुश्किल है कि रूस या यूक्रेन, दोनों ही युद्ध के मौजूदा स्वरूप में चलते रहते किस समस्या का हल निकाल लेंगे! इससे यह जरूर हो रहा है कि खासतौर पर यूक्रेन में आम जनता पिस रही है, भारी पैमाने पर तबाही हो रही है। खतरा इस बात का है कि अगर किन्हीं हालात में यह युद्ध यूक्रेन की सीमा से बाहर फैला तो वैश्विक स्तर पर होने वाले नुकसान की कल्पना भी मुश्किल है।

## श्री दिगंबर जैन महासमिति द्वारा गोवंश के लिए हरे चारे की सेवा



**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर की सर्वोदय कॉलोनी इकाई के तत्वावधान में आज लंपी रोग से ग्रस्त गोवंश के लिए एक ट्रॉली हराचारा आइसोलेशन सेंटर पर भिजवाया गया। कार्यक्रम संयोजक सर्वोदय कॉलोनी इकाई की अध्यक्ष मधु जैन ने बताया कि समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के दिशा निर्देश पिछले 54 दिन से प्रतिदिन गोवंश के लिए पोष्टिक हरे चारे की सेवा दी जा रही है । जिसमे अजमेर की सभी इकाइयों का सहयोग मिल रहा है। समिति की युवा प्रकोष्ठ मंत्री रेणु पाटनी ने बताया कि आज की सेवा में अनामिका सुरलाया, अंजु पाटनी, अर्चना जैन, साधना पाटनी, सरला जैन, निशा बाकलीवाल एवम सुषमा पाटनी का सहयोग रहा। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी एवम व्यवस्थापक मंत्री मनीष पाटनी ने सेवा सहयोगियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए बताया कि गोवंश की सेवा में समिति सदस्यों के अलावा अन्य गोभक्तों का सहयोग मिल रहा है।

# चैम्बर भवन में हुआ तीन पुस्तकों का विमोचन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कलम प्रिया लेखिका साहित्य संस्थान के बैनर तले एमआई रोड स्थित राजस्थान चैम्बर्स एंड कॉमर्स भवन के सभागार में शुक्रवार को हुए समारोह में तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस मौके पर शशि सक्सेना संपादित सांझा संग्रह कटोरी चीनी की, लेखिका शशि सक्सेना की कलम काव्य संग्रह व लेखिका शशि सक्सेना की जीवन संगीत एकल का विमोचन किया। संस्थान की अध्यक्ष शशि सक्सेना व उपाध्यक्ष डॉ.अंजू सक्सेना ने बताया कि इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर बालमुकुंदाचार्य, विशिष्ट अतिथि हिन्दी भाषा प्रसार-प्रसार समिति के अध्यक्ष डॉ.अखिल शुक्ला, लघु कथा विशेषज्ञ गोविन्द भारद्वाज, संस्कृत साहित्यकार डॉ.शारदा कृष्ण व सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती मंजू शर्मा व अनुपम जौली रहे। समन्वयक पवनेश्वरी वर्मा ने बताया कि समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने शशि सक्सेना संपादित सांझा संग्रह कटोरी चीनी की, लेखिका शशि सक्सेना की कलम काव्य संग्रह व लेखिका शशि सक्सेना की जीवन संगीत एकल का विमोचन किया। इस मौके पर सभी अतिथियों ने संस्थान की अध्यक्ष शशि सक्सेना की संपादित व लिखित सभी पुस्तकों प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सभी पुस्तकें साहित्य के क्षेत्र में साहित्यप्रेमियों का ज्ञानावर्धक है। संचालन शिवानी शर्मा ने किया।

# अंचल अधिवेशन सम्मान समारोह एवं स्मारिका विमोचन 16 अक्टूबर को भट्टारक जी की नसियां मे



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल की कार्य कारिणी समिति बैठक शान्ति नाथ मंदिर मालवीय नगर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस रिटायर्ड एवं महावीर जैन बाकलीवाल महामंत्री ने बताया कि रविवार दिनांक 16 अक्टूबर को दिगम्बर जैन महासमिति के स्थापना दिवस पर अंचल अधिवेशन, धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर में जिन शिक्षिकाओं ने अपनी निस्वार्थ धार्मिक शिक्षण में सेवायें प्रदान की है तथा दशलक्षण पर्व पर हुये सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम के अवलोकन के पश्चात श्रेष्ठतम, सरवश्रेष्ठ, श्रेष्ठ, एवं झाकियां को पुरस्कृत किया जाएगा। महामंत्री महावीर बाकलीवाल ने बताया कि यह सत्र दो सेशन में होगा । इन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बडजात्या, राष्ट्रीय वरिष्ठ कार्याध्यक्ष महेंद्र पाटनी, राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र जैन पांडया, कार्याध्यक्ष नवीन सेन जैन, दीप प्रज्वलन करता शरद मिश्रा, त्रिमूर्ति बिल्डर, चित्र अनावरण करता अशोक गोधा एडवोकेट, विशिष्ट अतिथि डा मोहन लाल जी जैन मणि होंगे । दूसरे सत्र में चित्र अनावरण कर्ता इन्जीनियर प्रेम चन्द जैन , दीप प्रज्वलन कर्ता डा पी सी जैन बापू नगर, विशिष्ट अतिथि चीफ इंजीनियर सतीश बाकलीवाल, एवं वीरेंद्र कुमार जैन सेठी होंगे । स्मारिका



का विमोचन अजमेर के एडवोकेट मुकेश जैन करेंगे। यह अधिवेशन आचार्य 108 सुनील सागर जी महाराज संघ के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर आशीर्वचन भी होगा। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष सी पी जोशी ने भी अपनी आने की सहमति दी है। मंत्री श्री शान्ति काला एवं सतीश बाकलीवाल ने बताया कि इस अवसर पर महासमिति के संभागो के कार्य का आंकलन कर उन्हें भी सम्मानित, साथ ही महासमिति के नये सदस्यों का सम्मान के समाज की विभूतियों का सम्मान किया जायेगा। समाज के महानुभावों से अनुरोध है कि इस अधिवेशन को सफल बनाने के लिए से अधिक संख्या में पधारे।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर

के तत्वावधान में

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप डायमण्ड, पिंकपर्ल, वीर ग्रुप

द्वारा आयोजित

CELEBRITY



Naveen Sharma
TV Star
Kundali Bhagya, Nagin 3, Molki Fame
Founder of NSPA

# गरबा रास 2022



रविवार, दिनांक 16 अक्टूबर 2022
समय : सायं 6 बजे से

स्थान : "जमुना गार्डन"
मोरानी मोटर्स के सामने, टोंक रोड, जयपुर

CELEBRITY



RJ Rohit
Radio City 91.1 FM

## आप सपरिवार इष्टमित्रों सहित सादर आमंत्रित है।

मुख्य अतिथि : CA श्री सुनील - सपना जी जैन
MD, फाइन टेक ग्रुप

उद्घाटनकर्ता : श्री सुरेन्द्र - मृदुला जी पाण्ड्या
राष्ट्रीय महामंत्री, दि. जैन महासमिति

दीप प्रज्वलनकर्ता : श्री यशकमल - संगीता जी अजमेरा
वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दि. जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन

महाआरती पुण्यार्जक : श्री राजकुमार - चन्दा जी सेठी
मुनिभक्त एवं समाजश्रेष्ठी

गरबा रास पुरस्कार पुण्यार्जक : श्री धीरज - सीमा जी पाटनी
प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी

**ATTRACTION**

| | |
|---|---|
| Best Dress Couple | - 1st, 2nd |
| Best Dress Male | - 1st, 2nd |
| Best Dress Female | - 1st, 2nd |
| Best Dress Kids | - 1st, 2nd |
| Best Dance Couple | - 1st, 2nd |
| Best Dance Male | - 1st, 2nd |
| Best Dance Female | - 1st, 2nd |
| Best Dance Kids | - 1st, 2nd |

Entry Pass Rs. 100/-
अल्पाहार सहित

लक्की ड्रॉ कूपन

विशेष हाउजी
बम्पर प्राइजेज के साथ

**आयोजक**

**डायमण्ड ग्रुप**
प्रमोद सोनी (अध्यक्ष), रमेशचंद छाबड़ा (सचिव), एस. के. गंगवाल (कोषाध्यक्ष)
श्रीमती दीपशिखा अजमेरा, संयोजक, 9529773342

**पिंकपर्ल ग्रुप**
राजेश चौधरी (अध्यक्ष), संजय गंगवाल (सचिव), अरविन्द बिलाला (कोषाध्यक्ष)
मनीष सौगानी, संयोजक, 9828866677

**वीर ग्रुप**
नीरज जैन (अध्यक्ष), पंकज जैन (सचिव), आशिष जैन (कोषाध्यक्ष)
संजय जैन, संयोजक, 9828364276

**निवेदक**

राजेश बड़जात्या – रीजन अध्यक्ष
अनिल कुमार जैन IPS (R) – रीजन संस्थापक अध्यक्ष
यशकमल अजमेरा – निवर्तमान रीजन अध्यक्ष
पारस कुमार जैन – रीजन कोषाध्यक्ष
निर्मल संघी – रीजन महासचिव
महेन्द्र कुमार पाटनी – रीजन वरिष्ठ परामर्शक
सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या – रीजन परामर्शक
नवीन सेन जैन – रीजन परामर्शक
अतुल बिलाला – पूर्व रीजन अध्यक्ष
सुनील कुमार बज – रीजन कार्याध्यक्ष
सुरेश जैन बांदीकुई – रीजन कार्याध्यक्ष

एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यगण दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर

सहयोगी ग्रुप : जयपुर मेन, गुलाबी नगर, नवकार, आदिनाथ, जैन भारती, मैत्री, पार्श्वनाथ, वात्सल्य, तीर्थंकर, ब्लू स्टार, सम्यक, संगिनी फॉरएवर, वर्धमान, स्वस्तिक, सन्मती, विराट







सम्पर्क सूत्र : 9785074581, 9829844533, 9928566561, 9413332526, 9460762728, 9828364276, 9829031058, 8619372690, 9314633391

# f-block वैशाली नगर में 1 करोड़ 7 लाख की लागत से बनेगी सड़कें

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** झोटवाड़ा विधानसभा के ग्रेटर नगर निगम के वार्ड नं 54 में स्थित सी ब्लॉक एवं एफ ब्लॉक वैशाली नगर मे मंत्री लालचंद कटारिया अनुशंसा पर स्वीकृत सड़क का शुभारंभ कॉलोनी के गणमान्य नागरिकों एवं विकास समिति के सानिध्य में सड़क का शुभारंभ अशोक शर्मा अध्यक्ष वैशाली नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, लाल चंद कटारिया के.ओ.एस डी. जय कुमार जैन एवं कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी उत्तम यादव द्वारा किया गया। उत्तम यादव ने बताया इस अवसर पर कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी वार्ड नंबर 57 अनिल शर्मा, राजीव शर्मा, कमल शर्मा, मधुसूदन शर्मा, मुकेश यादव, रंजीत सोनी, कैलाश यादव, रंजीत सिंह आदि कॉलोनी के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जेडीए के सभी सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों सहित सभी गणमान्य कॉलोनी वासियों ने मंत्री लालचंद कटारिया का आभार व्यक्त किया।



# 'आशानुरक्ति' में दिखेंगे कथक और लोक नृत्यों के विविध रंग

## बिड़ला ऑडिटोरियम में 17 अक्टूबर को होगा कार्यक्रम। जानी-मानी कथक नृत्यांगना अदिति सोगानी सहित अनेक कलाकार देंगे प्रस्तुति

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आगामी 17 अक्टूबर को शाम 7.00 बजे से बिड़ला ऑडिटोरियम में कथक और लोक नृत्यों का विशेष समारोह "**आशानुरक्ति**" आयोजित किया जाएगा। हिमांशु सोगानी ने बताया कि ये कार्यक्रम नृत्यांगना की ओर से समाज सेवी आशा देवी रांवका को समर्पित किया जाएगा। इस समारोह में प्रदेश की जानी-मानी कथक नृत्यांगना और कथक गुरू अदिति सोगानी सहित शहर के 4 से लेकर 60 वर्ष तक के कलाकारों द्वारा कथक नृत्य की विशेष रचनाएं पेश की जाएंगी। खास बात ये है कि इन कलाकारों के साथ विभिन्न क्षेत्रों की कई जानी-मानी हस्तियां भी अपने भीतर छिपी नृत्य कला का प्रदर्शन करेंगी। समारोह में कथक रचनाओं के अतिरिक्त प्रदेश के अनेक लोक नृत्य भी पेश किए जाएंगे।

# गुरु तीर्थ स्वर्णिम यात्रा 550 श्रद्धालुओं (यात्रियों) का एक दल रविवार 16 अक्टूबर को जयपुर के लिए होगा रवाना

## अतिशय क्षेत्र सांगनेर व बाड़ा पद्मपुरा के भी करेंगे दर्शन



**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ सेवा समिति के तत्वावधान मे मुनि संबुद्ध सागर महाराज एवं मुनि संविज्ञ महाराज का मंगल चातुर्मास पंचायत छोटा धडा नसियां मे चल रहा है। द्वय मुनिराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से राजधानी जयपुर भट्टारक नसियां मे विराजित दिक्षा गुरु परम पूज्य आचार्य श्री 108 सुनीलसागर महाराज ससंघ के चरण कमल मे आभार व कृतज्ञता स्वरुप श्रीफल समर्पित करने व चरण वंदना करने हेतु रविवार 16 अक्टूबर को प्रात 5 बजे 550 यात्रियों का एक विशाल दल 10 बसो से जयपुर के लिये रवाना होगा। प्रवक्ता पदम चन्द सोगानी ने बताया यात्रा दल सर्वप्रथम जयपुर की भट्टारकजी की नसियाँ में प.पू आचार्य श्री सुनीलसागर जी महाराज व चतुर्विंध ससंघ 57 पिच्छी विशाल संघ के दर्शन वंदन व तत्पश्चात अतिशय क्षेत्र सांगानेर दर्शन व अतिशय क्षेत्र बाडा.पद्मपुरा के दर्शन व सांयकालीन महाआरती तत्पश्चात पुनः अजमेर के लिए प्रस्थान करेगा। समिति के अध्यक्ष सुशील बाकलीवाल द्वारा यात्रा की सुचारू व्यवस्था हेतु प्रत्येक बस हेतु 3-3 प्रभारी नियुक्त किये है। प्रवक्ता पदम चन्द सोगानी ने बताया यात्रा मे पुरुष वर्ग सफेद कुर्ता पायजामा एंव महिलाऐ केसरिया साड़ी मे जाएंगे।




## जयपुर व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि जयपुर कलेक्टर से मिले



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेन्द्र बज ने बताया कि आज आगामी दीपावली पर व्यवस्थाओं को लेकर जयपुर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों एवं जयपुर के सभी बाजार व्यापार मण्डलों के प्रतिनिधियों के साथ जयपुर कलेक्टर ने विचार विमर्श किया । मुख्यमंत्री महोदय की पहल पर आयोजित मीटिंग में कलेक्टर महोदय ने जयपुर के सभी मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों के साथ आजादी के अमृत महोत्सव पर आगामी दीपावली पर बाजारों में सजावट/रोशनी को अधिक भव्य बनाने मे प्रशासन द्वारा हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। इस दीपावली पर देर रात तक बाजारों में रोशनी/सजावट रहेगी व कलेक्टर द्वारा दीपावली पर बाजारों के लिये पुरस्कार कमेटी बाजारों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। मिटिंग में जयपुर व्यापार महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सेनी, कोषाध्यक्ष सोभाग मल अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, मिन्तर सिंह राजावत व एच एस पाली, सुरेश लश्करी, कमल कुमार आसनानी सहित 50 से अधिक बाजारों के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जयपुर व्यापार महासंघ की पहल पर विद्युत विभाग द्वारा दीपावली पर सजावट के लिए अघरेलु विद्युत दर पर अस्थायी कनेक्शन देने की घोषणा कर दी गई है । साथ ही दोनों निगम ने दीपावली सजावट पर बाजार व्यापार मंडलों द्वारा लगाए जाने वाले विज्ञापनों पर भी छूट की घोषणा कर दी है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# घर में एक-दूसरे को सताने वाले या तो नरक से आए या फिर जाने की तैयारीः समकितमुनिजी

### नरक में झेली वेदना नहीं भूलने पर भीतर से हो सकता बदलाव। उत्तराध्ययन आगम की 27 दिवसीय आराधना का 16वां दिन




**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** जीवन में हम थोड़े से कष्ट आते ही भगवान को कोसना शुरू कर देते है लेकिन पूर्व भवों में जिन कष्टों को भुगत कर आए है उनको भी याद रखें। यदि हम घर में रहते हुए एक-दूसरे को सताते व कष्ट देते है तो ये चरित्र नारकीय जैसा है। एक-दूसरे को परेशान करना व सताना गलत है। ये स्वभाव हमारा है तो समझ लेना या तो नरक से आए है या नरक जाने की तैयारी है। ये विचार श्रमणसंघीय सलाहकार सुमतिप्रकाशजी म.सा. के सुशिष्य आगमज्ञाता, प्रज्ञामहर्षि डॉ. समकितमुनिजी म.सा. ने शांतिभवन में शुक्रवार को परमात्मा भगवान महावीर की अंतिम देशना उत्तराध्ययन आगम की 27 दिवसीय आराधना ह्यह्यआपकी बात आपके साथह्नह्न के 16 वें दिन व्यक्त किए। इसके तहत आगम के 36 अध्यायों में से 19वें अध्याय मृगापुत्रीय का वाचन करने के साथ इसके बारे में समझाया गया। उन्होंने इस अध्याय के माध्यम से नरक में मिलने वाली यातनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यदि नरक की गर्मी नहीं सहनी है तो यहां की गर्मी सहने की आदत डाल लो। मुनि दर्शन से आत्म दर्शन की यात्रा शुरू हो जाती है। वर्तमान में जो शानशौकत है वह पिछले जन्म के अच्छे कर्मो के कारण है। नरक के अंदर जो वेदना झेली उसे नहीं भूले तो भीतर में परिवर्तन हो जाएगा। आगमकारों ने कहा कि नरक में इतना समय भी नहीं मिल पाता कि आंखे खुले और बंद हो सके। मुनिश्री ने कहा कि संयमी जीवन उनके लिए आसान नहीं है जो सांसारिक भोग में डूबे हुए है। एक बार जीवन में वैराग्य की लौ जल जाने पर संयमी जीवन कठिन नहीं रह जाता है। शुरू में गायन कुशल जयवंतमुनिजी म.सा. ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। प्रेरणाकुशल भवान्तमुनिजी म.सा. का भी सानिध्य मिला। लक्की ड्रॉ के माध्यम से भाग्यशाली श्रावक-श्राविकाओं को प्रभावना में चांदी के सिक्के लाभार्थी परिवारों द्वारा प्रदान किए गए। धर्मसभा में अतिथियों का स्वागत श्रीसंघ के अध्यक्ष राजेन्द्र चीपड़ ने किया। संचालन शांतिभवन श्रीसंघ के मंत्री राजेन्द्र सुराना ने किया।

### दोस्त हो या दुश्मन सबके प्रति रखो समभाव

धर्मसभा में समकितमुनिजी म.सा. ने कहा कि शरीर दुःख व क्लेशों का बर्तन है। दौलत, धन, जमीन, जायदाद सब एक दिन छोड़कर जाना ही होगा। ऐसे में उस धर्म की कमाई करे जो साथ जाए और कोई परेशानी नहीं आए। दोस्त हो या दुश्मन सबके प्रति समभाव रखे। सबके प्रति एक समान व्यवहार करना बहुत मुश्किल होता है लेकिन धर्म की कमाई के लिए ऐसा करना चाहिए। संयमी जीवन बहुत मुश्किल होता है।

### समवरशरण ध्यान एवं शालिभद्र जाप का आयोजन 22 को

पूज्य समकितमुनिजी म.सा. ने बताया कि आचार्य सम्राट देवेन्द्रमुनिजी म.सा. की जयंति एवं धनतेरस के पावन अवसर पर 22 अक्टूबर को शांतिभवन में सुबह 9 से 10.15 बजे तक समवरशरण ध्यान एवं शालिभद्र जाप का आयोजन होगा। जाप समापन पर शालिभद्र के हाथों 33 पेटियां लक्की ड्रॉ विजेताओं को दी जाएगी। जो भी श्रावक-श्राविकाएं इस कार्यक्रम में शामिल होना चाहे वह भवान्त मुनिजी म.सा. एवं महिला मंडल की मंत्री सरिता पोखरना से सम्पर्क कर कूपन प्राप्त कर सकते है। भगवान महावीर निर्वाण कल्याणक के उपलक्ष्य में तेला तप आराधना भी 22 अक्टूबर से शुरू हो रही है। अधिकाधिक श्रावक-श्राविकाओं को तेल तप आराधना करने के लिए प्रेरणा दी जा रही है।

### सास-बहू की जोड़ी का तप साधना में साथ

धर्मसभा में पूज्य समकितमुनिजी ने सांगानेर निवासी मंजू सुराणा को 9 उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण कराए तो उनकी बहू संगीता सुराणा ने 7वें उपवास के दिन ही आठवें उपवास के प्रत्याख्यान भी ग्रहण कर लिए। नौ उपवास करने वाली तपस्वी का श्रीसंघ की ओर से महिला मंडल की अध्यक्ष स्नेहलता चौधरी ने बहुमान किया। तप-साधना करने वाली सास-बहू की जोड़ी की श्रावक-श्राविकाओं द्वारा अनुमोदन करते हुए हर्ष-हर्ष, जय-जय के जयकारे लगाए गए। पूज्य मुनिश्री ने भी तप साधना करने वालों के प्रति मंगलभावना व्यक्त की।

# प्रसन्न उत्सव दिवाली लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रसन उत्सव, महिलाओ को स्वाबलंबि एवं आत्म निर्भर बनाने कि लिए एक छोटा सा प्रयास के अंतर्गत 10 से 12 अक्टुबर 2022 तक एग्जीबिशन आयोजित की गई। उत्साह के साथ महिलाओं ने इस मे भाग लिया और आगे भी इसी तरह की एग्ज़िबिशन लगाने के लिए आग्रह किया। एग्जीबिशन मे घर के बने खमन नमकीन, पापड़ अचार जेली आदि तथा दीपक, बंदनवार, घर के बनी ज्वेलरी, कपड़े, बेडशीट एवं अन्य तरह के प्रोडक्ट रखे गए थे। यह एग्जीबिशन मीनाक्षी जैन सुनीता अजमेरा द्वारा साल में 3-4 बार आयोजित की जाती है। इस एग्जिबिशन में 31 स्टॉल लगाए गए अतिथि पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल ने दीप प्रजूलित किया गया। पुरस्कार वितरण सपना जैन, सुमिता अजमेरा द्वारा दिया गया विनोद जैन एवं कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी जैन सुनीता अजमेरा रही। करवा चौथ के उपलक्ष में दीप प्रज्वलित सारिका जैन द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण सुनीता अजमेरा द्वारा दिया गया। रेखा पाटनी रश्मि जैन, सुषमा महेश्वरी शिल्पी शाह अन्य पदाधिकारी भी पधारे थे।





# दिगंबर जैन महासमिति राजस्थान अंचल, अधिवेशन एवं सम्मान समारोह 16 अक्टूबर को भट्टारक जी की नसियां में



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रविवार, 16 नवंबर 2022 को भट्टारकजी की नसियां जयपुर में आचार्य सुनील सागर जी महा मुनिराज के पावन सानिध्य में दिगंबर जैन महासमिति राजस्थान अंचल का अधिवेशन एवं सम्मान समारोह आयोजित हो रहा है ।उसी परिपेक्ष्य में आज प्रातः आचार्य श्री के पावन सानिध्य में पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार प्रताप सिंह सिंघवी द्वारा कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। महामंत्री महावीर बाकलीवाल ने बताया की महा समिति की और से अध्यक्ष अनिल जैन, रूपेंद्र छाबड़ा, भागचंद जैन मित्रपुरा, रमेश सोगानी, गुलाब अजमेरा, कैलाश जैन, राजेंद्र पापड़ीवाल, पारस जैन एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। सम्मेलन एवं सम्मान समारोह दो सेशन में आयोजित किया गया है ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक बड़जात्या होंगे एवं महेंद्र कुमार पाटनी, सुरेंद्र जैन पांड्या, नवीन सेन जैन, इंजी. प्रेम चंद छाबड़ा, डॉ. पी सी जैन, इं. सतीश बाकलीवाल, वीरेंद्र कुमार सेठी एवं मुकेश जैन एडवोकेट अशोक गोधा, शरद मिश्रा, डॉ. मोहन लाल जैन मणी आदि मंचासीन होंगे ।प्रथम सत्र प्रातः 8:30 बजे से 12.15 बजे तक एवं द्वितीय सत्र दोपहर 1.30 से सांय 5. बजे तक होगा। सम्मेलन में महासमिति की मूल भावनाओं - समन्वय, सद्भावना, संगठन के साथ विभिन्न कार्यक्रम, उद्बोधन होंगे एवं समाज के कर्णधारों एवं धार्मिक आयोजको व प्रतियोगिताओ के विजेताओं को सम्मान एवं पुरस्कृत किया जाएगा ।दोनो ही सत्र में आचार्य श्री का सानिध्य प्राप्त होगा। प्रांत के विभिन्न स्थानों से महा समिति के सदस्यों एवं समाज के प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है तथापि समाज के सभी प्रबुद्ध जनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु निवेदन किया जाता है ।

# पार्षद सीमा गुप्ता का सम्मान किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मंगल विहार स्थित कासलीवाल एंक्लेव रेजिडेंटस वेलफेयर सोसाइटी ने अपनी साधारण सभा की बैठक में सरल स्वाभावी पार्षद श्रीमती सीमा गुप्ता एवं उनके पति महेंद्र सोंखिया को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया। सोसाइटी अध्यक्ष नवीन सेना जैन एवं श्रीमती सेन जैन ने माल्यार्पण, शॉल उड़ाकर तथा सचिव सुभाष चंद शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन, सहसचिव कमल बज, आदित्य कटारिया ने संयुक्तरुप से पार्षद दंपति को मिमेंटो प्रदान किया। पार्षद महोदया ने क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। सोसाइटी की नारी शक्ति ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बा स्थित राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक शाखा में आजादी के अमृत महोत्सव के जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के संयुक्त



तत्वाधान में शुक्रवार को वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ ,शिविर के दौरान उपस्थित बैंक खाताधारकों, युवाओं और ग्रामीणों को शाखा प्रबंधक श्री एन .पी. वर्मा , सहायक प्रबंधक मोनिका बेरवा ने अटल पेंशन प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, डीजल सुरक्षा संबंधित जानकारियां दी वहीं बैंक में विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए खाताधारकों और लोगों को उनसे जुड़ करके उनका लाभ उठाने का आह्वावान किया। शिविर के दौरान बैंक में एफ. एल. सी को ऑडिटनेटर जेके जैन, बीसी सुपरवाइजर एल एल गुप्ता ,बैंक कार्मिक अजय पारीक तथा अजय मीणा ने बैंक संबंधित जानकारियां देते हुए सभी को इन योजनाओं में जुड़ने का आव्हान किया है।

## हेल्थ अवेयरनेस टॉक शो HCG केन्सर हास्पिटल मे आज

**जयपुर।** दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल, एवम दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फ़ेडरेशन राजस्थान रीज़न जयपुर, श्री दिगम्बर जैन मन्दिर प्रबंध समिति महावीर नगर, के सयुक्त तत्वावधान में मानसरोवर स्थित HCG केन्सर हास्पिटल सेक्टर -5 शिप्रापथ, मानसरोवर ,जयपुर के बेसमेंट हाल में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। अनिल कुमार जैन अध्यक्ष एवम महावीर बाकलीवाल मन्त्री ने बताया की एक दिवसीय हेल्थ अवेयरनेस कैंप में HCG केन्सर हास्पिटल के अनुभवी डाक्टरडॉ कपिल देव शेरोन (consultant Surgical Oncology )द्वारा prevention of cancer and early detection के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला जायेगा राजस्थान रीजन जयपुर के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि परिचर्चा के बाद डाक्टर साहब से केंसर से सम्बंधित प्रश्न उत्तर भी पुछ कर अपनी शंकाओं का समाधान किया जा सकता है। महावीर नगर मंदिर के मानद मंत्री सुनील कुमार बज ने बताया कि लगभग 150-200 सदस्यों के इस कार्यक्रम में भाग लेने की संभावना है ।

## सम्मेद शिखर जी के मंदिर में शिखर पर ध्वज लगाए



**झुमरीतिलैया. शाबाश इंडिया**

समोसरण कल्पद्रुम महामंडल विधान विश्व शांति महायज्ञ संपन्न होने के बाद श्री दिगम्बर जैन समाज के भक्तजनों के द्वारा सम्मेद शिखर से लाई गई 100भगवान की प्रतिमा को पहुंचाया गया। यह सभी100 भगवान की प्रतिमा 25 समोसरण की गंध कुटी में लगाई गई थी समाजसेवी सुरेश झांझरी के साथ कई भक्तजन उनके साथ सम्मेदशिखर जी गए ,जहाँ सभी प्रतिमा का अभिषेक ओर शांतिधारा मधुबन में विराजमान महाराज एवं आर्यिका संघ के सानिध्य में किया गया। इसके साथ ही जैन धर्म का विश्व प्रसिद्ध तीर्थ पारसनाथ पर्वत पर मौन पूर्वक सिंहनिष्क्रिडित व्रत करने वाले विश्व के प्रथम आचार्य श्री अन्तर्मना प्रातः स्मरणीय आचार्य श्री 108 परम पूज्य प्रसन्न सागर जी महाराज की मौन साधना 28 जनवरी 2023 तक चलेगी। आचार्य श्री 496 उपवास और 61 दिन आहार ग्रहण करने वाले गुरुदेव के मंगल आशीर्वाद ओर परम पूज्य सौम्य मूर्ति मुनि 108 पीयूष सागर जी महाराज के निर्देशन में पूरे सम्मेदशिखर जी के मंदिर में ध्वज लगाया। पारसनाथ पहाड़ के स्वर्ण भद्र टोंक में विराजमान आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी गुरुदेव के आशीर्वाद से पूरे सम्मेद शिखर जी के मंदिर में ध्वज लगाए जाएंगे।

# जैन सोशल ग्रुप सिद्धा ने बच्चों को भोजन कराया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप सिद्धा परिवार की और से सेवार्थ कार्यक्रम की कड़ी मे बच्चों को भोजन कराया गया। संस्थापक अध्यक्ष धीरज पाटनी ने बताया कि दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को दोपहर 12:15 बजे आंचल बालिका गृह, वैशाली नगर जयपुर मे बच्चों को बैठकर भोजन कराया गया।

# थर्ड बैल संस्था की प्रस्तुति



## नाटक : मुगल बच्चा का मंचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार तथा रवींद्र मंच, जयपुर द्वारा आयोजित टैगोर थिएटर के अंतर्गत, थर्ड बेल संस्था, जयपुर की प्रस्तुति नाटक 'मुगल बच्चा' का मंचन दिनांक 13 अक्टूबर को रवींद्र मंच के मिनी ऑडिटोरियम में शाम 7:00 बजे हुआ। एक पात्रीय इस नाटक में दर्शाया गया कि मुगलकाल के शाही धन दौलत लुट पिट जाने के बाद भी ये मुगल बच्चे अपनी दिमागी धुरी से थोड़ा खिसके हुये होते है। खरे मुगल की यही पहचान होती है कि उसके दिमाग के दो चार पेच ढ़ीले या जरूरत से ज्यादा तंग होते हैं।" अंग्रेज की चाकरी लानत और मेहनत-मजदूरी शान के खिलाफ जो कुछ धन-दौलत बची ,उसे बेच-बेचकर खाते रहे। घर की बीवियाँ छुप-छुपकर सिलाई कर लेती। चार पैसो से घर का चूल्हा जल जाता या मोहल्ले के बच्चो को कुरान-ए-पाक पढ़ा देती तो कुछ नजराना मिल जाता। मुगल बच्चा एक ऐसे इंसान की कहानी है जो अपनी शानो-खुद्दारी की खातिर निकाह के दस्तूर पर दोस्तों द्वारा की गई छेड़छाड़ को जी का जंजाल बना लेता है,जैसे मौत की घड़ी नहीं टलती वैसे ही माँ-बाप की तय की हुई शादी नहीं टली। काले मियां सिर झुका कर दूल्हा बन गए। किसी सिरफरी ने ऐन मुँहदिखाई के वक़्त और छेड़ दिया। ?खबरदार ,जो दुल्हन को हाथ लगाया, काली हो जायगी।? मुगल बच्चा चोट खाय नाग की तरह पलट कर बाहर चला जाता है, हँसी में खंसी हो जाती है। दूसरी तरफ गौरी बी की रगो में भी मुगल खून है जो खुद घूंघट ना उठाने की जिद रखती है। इन दोनों की जिद की कशमकश मे उम्र के आखरी पड़ाव मे इन की जिन्दगी किस मुकाम पर आकर खड़ी होती है। यही इस कहानी मे बयां किया गया है।